**ग्रिडकंट्रोलरऑफइंडियालिमिटेड**
**(पूर्व में पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड)**
**(भारत सरकार का उद्यम)**
**दक्षिणक्षेत्रियभारप्रेषणकेंद्र**
**29 रेस कौर्स क्रॉस रोड, बेंगलूरु-560009**

## सलाहकार (सिविल) की नियुक्ति के लिए आवेदन का आमंत्रण

विज्ञापन सं:. 01/2023 दिनांक: 20-04-2023

ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड (पूर्व में पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड) भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीस्थ उद्यम है और राष्ट्रीय महत्व का एक ज्ञान आधारित संगठन है जिसे, विद्युत प्रणाली के सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और विश्वसनीयता एवं महत्वपूर्ण संचालन के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। इस जिम्मेदारियों को निभाने के लिए, कंपनी ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एवं एक बहु-अनुशासनात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। यह पारेषण से संबन्धित आधारभूत संरचना का न्यायसंगत उपयोग सुनिश्चित करता है तथा अपनी मानव पूंजी और संपूर्ण प्रणाली सुविधा को मजबूत करने की दिशा में काफी निवेश किया है। यह राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र एवं पाँच क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्रों के प्रचालन का काम करता है।

ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा , दक्षिण क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र, बेंगलूरु में विशिष्ट काम की अस्थायी आवश्यकता के लिए अनुबंध के आधार पर मासिक परिलब्धियों पर सलाहकार (सिविल) के रूप में विद्युत क्षेत्र के सीपीएसयू से (सेवानिवृत्त कर्मियों) को नियुक्त करने का प्रस्ताव है।आरंभ में अनुबंध की अवधि छः महीने की होगी जिसे आवश्यकतानुसार हर छः महीने के लिए बढ़ाया जा सकता है। हालांकि प्रत्येक अनुबंध में कुल अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होगी।

1. निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार, अनुलग्नक – I में प्रदत्त प्रारूप में आवेदन दे सकते हैं:
2.

<table>
<tr><th>पदनाम</th><th>पात्रता</th><th>अनुबंध के आधार पर सलाहकार की संभावित कार्य विवरण</th></tr>
<tr><td>सलाहकार-सिविल<br><br>(01 पद)<br><br>स्थान - बेंगलूरु</td>
<td>विद्युत क्षेत्र के सीपीएसयू से निम्नलिखित वेतनमान पर ई7 और उससे अधिक ग्रेड में अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त अधिकारी: –
<table>
<tr><th colspan="2">पूर्व संशोधित</th><th colspan="2">01.01.2017 से संशोधित</th></tr>
<tr><td>ई6</td><td rowspan="2">43200-66000</td><td rowspan="2">ई7</td><td rowspan="2">100000-260000</td></tr>
<tr><td>ई6ए</td></tr>
<tr><td>ई7</td><td rowspan="3">51300-73000</td><td rowspan="3">ई8</td><td rowspan="3">120000-280000</td></tr>
<tr><td>ई7ए</td></tr>
<tr><td>ई8</td></tr>
<tr><td>ई9</td><td>62000-80000</td><td>ई9</td><td>150000-300000</td></tr>
</table>
<br>शैक्षिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक (बीई/बीटेक)।<br>शैक्षिक योग्यता के पश्चात बहुमंजिला भवनों के निर्माण,इंटीरियर कार्य, बिजली की स्थापना कार्य में कम से कम 20 वर्षका अनुभव।<br><br>सलाहकार की आयु सीमा 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br>31 दिसंबर 1958 को या उसके बाद पैदा होना चाहिए</td>
<td>काम का आकलन तैयार करना, बीओक्यू,<br>बीओक्यू की जांच<br>सिविल कार्यों का निष्पादन<br>निर्माण गतिविधियों का पर्यवेक्षण<br>वास्तुकार द्वारा प्रस्तुत सिविल और संरचनात्मक नक्शे का सत्यापन<br>सिविल कार्योंएवं आंतरिक कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच<br>ट्रांसफॉर्मर, एलटी पैनल, सौर पीवी और नाले की पानी के उपचार संयंत्र, बारिश के पानी के संचयन, प्रांगण की लाइटिंग , ओवरहेड टैंक, एसी जैसे विद्युत उपकरणों का पर्यवेक्षण।</td></tr>
</table>

## 2.1 चयन प्रक्रिया

- चयन प्रक्रिया में आवेदनों की जांच और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन शामिल होगा।उम्मीदवारों के आवेदनों की जांच आवेदक द्वारा प्रदान की गई आवश्यक यज्ञता / अनुभव / विवरण आदि के आधार पर की जाएगी।
- शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
- आवेदन की जांच और शॉर्ट लिस्टिंग के मामले में ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा।
- उपयुक्त उम्मीदवार को नियुक्ति प्रस्ताव जारी किया जाएगा। परामर्शदाता की नियुक्ति उम्मीदवार द्वारा किसी भी पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी से प्राप्त की जाने वाली चिकित्सा फिटनेसपर निर्भर होगी , जिसमें यह उल्लेख हो कि उम्मीदवार "कार्यालय कर्तव्यों के लिए चिकित्सकीय रूप से फिट" है।

## 2.2 मुआवजा एवं फायदे

नियुक्त सलाहकार कोनिगम के मौजूदा नीति के अनुसार व्यावसायिक शुल्क और अन्य लाभ प्रदान किया जाएगा।

## 2.3 सामान्य सूचना और नियम और शर्तें

1. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह इस अधिसूचना में अपेक्षित बुनियादी न्यूनतम , शर्तों और अन्य मानदंडों को पूरा करता/करती है।

2. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

3. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय सेयोग्यताप्राप्तहोनी चाहिए

4. विदेशी संस्थान/विश्वविद्यालय से प्राप्त योग्यता के संदर्भ में, उसे भारतीय संस्थान/विश्वविद्यालयों द्वारा प्रस्तावित योग्यता के समान माना जा सकता है, बशर्ते उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी से ऐसी योग्यता के लिए समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम हों।

5. स्नातक डिग्री में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों की प्रतिशता की गणना उस विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाई गई प्रथा के आधार पर की जाएगी जहां से उम्मीदवार ने डिग्री प्राप्त की है।यदि उम्मीदवारों को अंकों के बजाय ग्रेड/सीजीपीए दिया गया है, तो उस ग्रेड/सीजीपीए को अंकों में परिवर्तन उस विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रमाणित प्रक्रिया पर आधारित होगा जहां से उन्होंने डिग्री प्राप्त की है।

6. यदि विश्वविद्यालय/संस्थान के पास सीजीपीए को समतुल्य अंकों में बदलने की कोई योजना नहीं है, तो उम्मीदवार के सीजीपीए को अधिकतम संभव सीजीपीए से विभाजित करके परिणाम को 100 से गुणा करके समानता स्थापित की जाएगी।

7. ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार शॉर्टलिस्टिंग के लिए योग्यता, अनुभव, आयु आदि की सभी गणना की जाएगी।

8.उम्मीदवारों को उनकी दक्षताओं, योग्यता, अनुभव और निगम की आवश्यकता के आधार पर चयन में वेटेज देने का अधिकारग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेडका प्रबंधन रखता है ।

9. यदि कोई प्रमाण पत्र आदि हिंदी/अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किए गए हों, तो उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि मांगे जाने पर, वे उनका हिंदी या अंग्रेजी भाषा में प्रमाणित अनुवाद प्रस्तुत करें।

10. अधूरे/बिना हस्ताक्षर के/बिना फोटोग्राफ/ आवश्यक दस्तावेज के बिना, आवेदन की अंतिम तिथि के बाद प्राप्तऔर ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड की अधिसूचना में इंगितआवश्यकताओं के अनुरूप आवेदन नहीं होने उन आवेदनों पर विचार नहीं किया जा सकता है।

11. जो कर्मचारी अपने संगठन से स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति ली है/इस्तीफा दी है , वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

12. नियुक्त परामर्शदाता को कंपनी के व्यवसाय की अखंडता और गोपनीयता बनाए रखनी होगी और सलाहकार के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान किसी अन्य व्यवसाय में खुद को शामिल नहीं करना होगा।

13. सलाहकार के पास फोन/मोबाइल होना चाहिए और स्वतंत्र रूप से काम करने में सक्षम होना चाहिए।ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा कार्य के निष्पादन के लिए कोई सचिवीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। उसे सभी कार्य दिवसों में कार्य करना होगा।

14.नियुक्ति प्रस्ताव में निर्दिष्ट अवधि के अंत में या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर, जो भी पहले हो, नियुक्ति स्वचालित रूप से समाप्त हो जाएगी।नियुक्ति को दोनों तरफ से एक महीने की नोटिस देकर अथवा समेकित मुआवजे की राशि के भुगतान के माध्यम से किसी भी समय कारण बताए बिना भी नियुक्ति को समाप्त किया जा सकता है।

15.असंगतता या इंटरनेट कनेक्टिविटी की अनुपलब्धता या ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों या प्रणाली के प्रत्यक्ष नियंत्रण से परे किसी भी अन्य पहलुओं के कारण शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।

16.चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या नियुक्ति बाद भी यदि उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी सूचना पात्रता मानदंड के अनुरूप न होने पर, अथवा यदि ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड को शैक्षिक योग्यता / अनुभव के किसी भी सबूत / आवेदन/अन्य रूपों/प्रारूपों में इंगित कोई अन्य विवरण झूठा/भ्रामक होने का पता चलने पर सूचना/ विवरण को छुपाने के बराबर माना जाएगा और आवेदन को खारिज कर दिया जा सकता है।

17.इस विज्ञापन में दर्शाई गई अनुमानित आवश्यकता की कुल संख्या को जरूरत पड़ने पर बिना कोई कारण बताए और बिना किसी नोटिस के ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रबंधन के विवेक पर बढ़/घट सकती है/रद्द की जा सकती है।

18. किसी भी विवाद के मामले में न्यायिक क्षेत्राधिकार बेंगलूरू की अदालतें होंगी।

19.परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन करने मात्र से कोई भी उम्मीदवार रोजगार/ नियमन/ आमेलन /नियुक्ति/साक्षात्कार/उम्मीदवारी पर दावा करने का हकदार नहीं होता है।ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड अपनी आवश्यकता के अनुसार किसी भी आवेदन पर विचार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और सलाहकार की नियुक्ति को भर्ती / पुनर्नियोजन के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

20. उम्मीदवार को अंग्रेजी, हिंदी और कन्नड़ भाषा का कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए।

21. निर्दिष्ट समय के भीतर दस्तावेजों को जमा करने में किसी भी डाक देरी/मार्ग में हानि के लिए ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड जिम्मेदार नहीं होगा।

**2.4 आवेदन करने का विधान :**

आवश्यक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र (अनुलग्नक - I) दिनांक. 20.05.2023 तक "मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन), दक्षिणी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र"ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड, 29, रेस कोर्स क्रॉस रोड, बंगलौर-560009" पहुंचना होगा। लिफ़ाफ़े के ऊपर "परामर्शदाता (सिविल) की नियुक्ति के लिए आवेदन" लिखना ना भूलें और आवेदन की एक प्रति Kiran.naik@grid-india.in भेजें।

सूचना : सभी आवेदकों से अनुरोध है कि वे अपने आवेदन केवल निर्धारित प्रारूप में आवश्यक संलग्नकों के साथ अग्रेषित करें।

## अनुलग्नक-I

| | | |
|---|---|---|
| **विज्ञापन सं** | | 01/2023 |
| **किस पद के लिए आवेदन** | | सिविलपरामर्शदाता |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | | | | | | | Affix self-attested recent passport size photograph |
| 2 | पिता/पति का नाम: | | | | | | | |
| 3 | लिंग | | | | | | | |
| 4 | स्थायी पता<br>पिन कोडसहित | | | | | | | |
| 5 | पत्राचार का पता<br>पिन कोड सहित | | | | | | | |
| 6 | संपर्क विवरण (फोन नंबर और ईमेल आईडी) | | | | | | | |
| 7 | (ए) जन्म दिनांक )<br>(आयु के प्रमाण की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | दिनांक | | महिना | | वर्ष | |
| | (बी) आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार आयु | | वर्ष | | महिना | | दिन | |
| 8 | राष्ट्रीयता | | | | | | | |

| 9 | किसी परिषद/व्यावसायिक एजेंसी के साथ पंजीकृत है? (यदि हां, तो प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें) | | पंजीकरण की तिथि | पंजीकरण सं: | परिषद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

10.व्यावसायिक/तकनीकी योग्यताएं (मार्कशीट और प्रमाणपत्रों की प्रतियां संलग्न करें)

| पास की गई परीक्षा | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अंकों का विवरण | | अंकों का प्रतिशत % | डिवीजन/ क्लास | बोर्ड / विश्वविद्यालय | कॉलेज / संस्थान | लिएगएविषय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अधिकतम अंक | प्राप्त किए गए अंक | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

11.कार्य अनुभव (नवीनतम से आरंभ करें एवंप्रत्येक अनुभव का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| संगठन का नाम और पता | पदनाम और नौकरी का प्रकार (नियमित/अनुबंध) | वेतनमान और ग्रेड वेतन/समेकित | सेवा की अवधि | | | | कार्य प्रकृति और जिम्मेदारियों का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | को | वर्ष | महीने | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | यदि कोई व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है गया है तो उसका विवरणदें। | | |
| 13. | कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी जो आप प्रस्तुत करना चाहते हैं | | |

मैं एतद्वारा घोषणा करता हूं कि, मैंने विज्ञापन में दिए गए प्रावधानों को पढ़ लिया है और इस आवेदन में मेरे द्वारा दिए गए सभी बयान और जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, संपूर्ण और सही हैं। साक्षात्कार से पहले या पश्चात अथवा नियुक्ति की अवधि के दौरान मेरे द्वारा दी गई किसी भी जानकारी या उसके हिस्से को झूठा या गलत अथवा छुपाये जाने की स्थिति में पाए जाने पर , मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति स्वचालित रूप से बिना किसी नोटिस या मुआवजे के रद्द / प्रत्यावर्तित / समाप्त हो जाएगी।

**दिनांक** :-

**स्थानः-उम्मीदवार के हस्ताक्षर**